## एक नजर में



### व्यापार एवं संभावनाएं पर हुआ व्याख्यान

**उज्जैन।** व्यावसायिक उत्कर्ष एवं व्यापारिक उन्नति हेतु हमें अवसरों के लिए तैयार रहना होगा तथा आत्मनिर्भर व सशक्त बनकर देश के विकास में योगदान करना होगा।उक्त विचार लोटि कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रशांत वैष्णव द्वारा व्यक्त किए गए। आपने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में अनेकों संभावनाएं हैं, लेकिन हमें खुद को उनके लिए तैयार करना होगा। आपने एक्सपोर्ट डायनामिक, लॉजिस्टिक्स, ट्रेड फाइनेंस, जीडीपी ग्रोथ, फॉरेन एक्सचेंज तथा चैलेंज इन इंटरनेशनल बिजनेस जैसे विषयों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की। आपने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनकर देश के विकास में योगदान करने के लिए अभिप्रेरित किया। प्रशांत वैष्णव ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में आयात निर्यात और अनेक महत्वपूर्ण अंगों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर किशोर खंडेलवाल, विश्वनाथ सोमण एवं गिरीश भालेराव ने बधाई प्रेषित की। प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। संचालन एवं समन्वयन डॉ. नितिशा तोषनीवाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभी विषयों के विद्यार्थी और समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

### होमगार्ड का स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा

**उज्जैन।** डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड रोहिताश पाठक ने बताया कि शनिवार 06 दिसंबर को मध्य प्रदेश होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस होमगार्ड लाइन में प्रात: 9.30 बजे से धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी शामिल रहेगें। कार्यक्रम में आर्म्स एवं सेरेमोनियल ड्रेस से सुसज्जित प्लाटून द्वारा परेड मार्च करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी जाएगी। साथ ही आपदा राहत बचाव ऑपरेशन के तहत डेमोन्स्ट्रेशन, मॉकड्रिल का प्रदर्शन भी किया जाएगा।होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला उज्जैन के समस्त थाना, चौकियों, गार्डों में पदस्थ होमगार्ड के जवान, आपदा मित्र, सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर्स व अन्य ड्यूटियों में पदस्थ सभी सैनिक हर्षोल्लास से भाग लेंगे। ज्ञात हो कि 6 दिसम्बर 1947 में होमगार्ड विभाग की स्थापना की गई थी। तभी से यह विभाग अपनी निष्काम सेवाओं के लिए जाना जाता है। वर्तमान में यह संगठन अपनी निष्काम सेवा की भावना के साथ बाढ़ आपदा एवं विपत्तियों में फंसे लोगों की मदद करना तथा जिलों में कानून व्यवस्था की नाजुक घड़ियों में पुलिस के सहयोगी के रूप में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने जैसे अनेकानेक उत्कृष्ट कार्य करता है। विभाग द्वारा विगत उज्जैन महाकुंभ 2016 के समय अत्याधिक कठिन व महत्वपूर्ण ड्यूटी कर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है तथा वर्तमान में आपदा के समय होमगार्ड विभाग जीवन रक्षक के रूप में जाना जाता है।

### गोली मारने की धमकी देने वाला पकड़ाया

**उज्जैन।** कार और रिक्शा की टक्कर होने के बाद बदमाश ने कार को कांच फोड़ दिया था और चालक को कट्टा दिखाक गोली मारने की धमकी दी थी। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। गुरुवार शाम पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लिया है। उसके साथियों की तलाश जारी है। फाजलपुरा लाला लाजपतराय मार्ग पर रहने वाला रवि पिता सुरेश बाथम अपनी कार से घर लौट रहा था। बाबा प्लास्टिक के सामने फाजलपुरा रोड पर रिक्शा से टक्कर हो गई। रिक्शा चालक ने विवाद करते हुए अपने साथी को बुला लिया। साथी ने आते ही पाइप से कार का कांच फोड़ दिया और रवि बाथम के घर में घुसकर मारपीट करते हुए कट्टा दिखाकर गोली मारने की धमकी दी। घटनाक्रम के बाद रवि बाथम ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद गोली मारने की धमकी देने वाले मजहर खान निवासी अवंतिपुरा को हिरासत में ले लिया है। उसके दूसरे साथी का नाम शौकत सामने आया है। जो मजहर का रिश्तेदार है, वही एक अन्य आरोपी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि मजहर बदमाश प्रवृति का है, उससे कट्टा बरामद करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### जिले की पांच विधानसभाओं में शत प्रतिशत पूर्ण

**उज्जैन।** उप निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में किया जा रहा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जिले में तेजी से किया जा रहा है। जिले की सात विधानसभाओं में से पांच विधानसभाओं 212-नागदा-खाचरौद, 213-महिदपुर, 214-तराना, 215-घट्टिया, 218-बड़नगर में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिले में अभी तक 95.88 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य हो गया है। 216-उज्जैन उत्तर में 87.13 प्रतिशत, 217- उज्जैन दक्षिण विधानसभा में 87.25 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 1871 बीएलओ द्वारा 15 लाख 96 हजार 103 कुल मतदाताओं में से 15 लाख 30 हजार 382 मतदाताओं का एसआईआर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

### उज्जैन में नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू आयोजित

**उज्जैन।** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा ,2022 में लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों (जिन विषयों के साक्षात्कार शेष है) एवं सहायक प्राध्यापक परीक्षा, 2024 में सभी विषयों में चयनित उम्मीदवारों के लिए कार्यालय शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन में नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) आयोजित किए जा रहे है। नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 31 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन सांवेर रोड, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर, उज्जैन में स्थित शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन संभाग में जमा कर सकते हैं।

### हॉकी प्रतियोगिता के लिए समिति गठित

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय कप्तान रूपसिंह स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत बजट अंतर्गत किया जाना है। आयोजन के लिए महापौर मुकेश टटवाल ने शुक्रवार को पार्षदों की समिति गठित की गई है। उपरोक्त समिति में संयोजक शिवेंद्र तिवारी, सहसंयोजक रवि राय, सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, अनिल गुप्ता, छोटेलाल मंडलोई, अर्पित दुबे रहेंगे। उपरोक्त समिति नगर निगम के विभिन्न विभागों के परस्पर समन्वय से वित्तीय वर्ष 2025-26 में हॉकी स्पर्धा के लिए बजट प्रावधान की सीमा की रूपरेखा तैयार करेगी।

### 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत

**उज्जैन।** 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त झोन कार्यालयों में किया जाएगा। जिसमें करदाता अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आयुक्त नगर निगम ने आम करदाताओं की सुविधा के लिये समस्त झोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत अन्तर्गत सम्पत्ति कर जमा कराए जाने के क्रम में विशेष व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं। करदाता संपत्ति कर संबंधित झोन कार्यालय में एवं जलकर चामुंडा माता चौराहे पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय मे जमा करा सकेंगे।

### सिटी बस डिपो चौराहे पर पेंचवर्क

**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने विगत दिवस सिटी बस डिपो चौराहा का निरीक्षण किया था। जिसमें अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि चौराहा पर से अवैध अतिक्रमण हटाते हुए रोड का पेंच वर्ककार्य एवं मरम्मत किया जाए। जिसके क्रम में संबंधित झोन के अधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में रोड का पेंचवर्क कार्य करवाते हुए डामर कार्य किया गया है। उक्त कार्य का निरीक्षण शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया।

# बुजुर्ग और दिव्यांग अलग घाट पर करेंगे सुरक्षित स्नान, सार्वजनिक बसें भी चलाएंगे

## मेला अधिकारी सिंह और कलेक्टर ने ली बैठक, जिन चार मार्गो से ज्यादा क्राउड आएगा उन पर हुई चर्चा, सिंहस्थ से पहले बनाया जा रहा पूरा प्लान




**उज्जैन। महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारियां बड़े पैमाने पर चल रही है। जिन मार्गों से अधिक क्राउड आएगा उनको लेकर सिंहस्थ की अहम बैठक में चर्चा की गई ,साथ ही बुजुर्गों दिव्यांगों के लिए अलग से स्नान की व्यवस्था की जाएगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो साथ ही गंतव्य तक जाने के लिए सार्वजनिक बसें भी चलाई जाएगी।**


शुक्रवार को मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के मद्देनजर यातायात और आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई।

सिंहस्थ के सामान्य दिनों में अलग से व्यवस्था करना होगी। इसके लिए विस्तार पूर्वक कार्ययोजना बनाई जाने की आवश्यकता है। सार्वजनिक बसों का संचालन सिंहस्थ मेला लगने के प्रथम दिन से किया जाएगा।

दिव्यांग जन और वृद्ध लोगों के लिए अलग से स्नान की व्यवस्था की जाएंगी। मेला अधिकारी सिंह ने इसके लिए कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पार्किंग की व्यवस्था के लिए एक एजेंसी निर्धारित की जाएगी। इसके पश्चात इसका क्रियान्वयन किया जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी महाकुंभ 2028 को लेकर प्रदेश स्तर पर तैयारी की है कई बार भोपाल में भी इसको लेकर मंत्रिमंडल की बैठक हो चुकी है। केंद्र से भी इसके लिए बजट जारी किया जाएगा कुल मिलाकर 30 करोड़ आगन्तुक अथितिगण, साधु संत श्रद्धालु महाकुंभ में आएंगे जिनके लिए पूरे उज्जैन को तैयार किया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त भी रहे मौजूद

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं यातायात पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में शहर में प्रवेश के मुख्य मार्गों के बारे में जानकारी दी गई। प्रवेश के लिए मुख्य मार्ग इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मार्ग, उन्हेल-नागदा मार्ग, बड़नगर मार्ग और चिंतामण जवासिया मार्ग है। सिंहस्थ 2028 के दौरान शाही स्नान, पर्व स्नान के दौरान यातायात मार्ग की प्रस्तावित व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। इसमें इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मालवा मार्ग, बड़नगर मार्ग, चिंतामण मार्ग में सार्वजनिक वाहन तथा निजी वाहनों के प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था और वापसी की व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई। मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए मेन पॉवर की अधिक आवश्यकता होगी तथा शहर में प्रवेश में मुख्य मार्गों पर शहर से कुछ दूरी पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। जहां पर निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वहां से फिर यात्रियों को लाने, ले जाने के लिए सार्वजनिक बसों का संचालन किया जाएगा। शाही स्नान, पर्व स्नान पर यातायात की व्यवस्था अलग होगी।



# 17.50 लाख के नकली नोट के साथ दो युवक हिरासत में

## गिरोह का सरगना फरार, छपाई के उपकरण और कागज बरामद





**उज्जैन। नकली नोटों के साथ हिरासत में आए दो युवकों से नोट छापने की फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। दोनों युवकों से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किए गए। गिरोह का सरगना फरार है। दोनों युवकों को न्यायालय में बेचकर 5 दिन की रिमांड पर लिया गया है।**

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दो युवक नकली नोट लेकर चिमनगंज थाना क्षेत्र के कैलाश एंपायर कॉलोनी के पास ब्रिज के नीचे आए हैं और किसी को देने की फिराक में हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने चिमनगंज थाना पुलिस के साथ मिलकर घेराबंदी की और दो युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उनके नाम हिमांशु उर्फ चीनू पिता राजेश गोसर निवासी गऊघाट रेलवे कॉलोनी और दीपेश पिता अनोखी लाल चौहान निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर कॉलोनी के पीछे होना सामने आए। उनके पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किए गए जो 500 की गड्डी के रूप में थे। दोनों को चिमनगंज थाने लाया गया और भारतीय न्याय संहिता की धारा 178,179,180 में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उज्जैन के साथ ही इंदौर से नकली नोटों की लिंक जुड़ी हुई है। दोनों ने कबूल किया कि इंदौर अरविंदो अस्पताल के सामने स्थित श्री गंगा विहार कॉलोनी के एक फ्लेट में नकली नोट छापने की फैक्ट्री बना रखी है। गिरोह का सरगना राजेश पिता टेकचंद बरबटे है। क्राइम टीम और चिमनगंज थाना पुलिस ने इंदौर पहुंचकर दबिश मारी। राजेश हिरासत में नहीं आया और फरार होना सामने आया। लेकिन फ्लेट से नकली नोट छापने का कागज और उपकरण बरामद हो गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए खुलासे के बाद दोनों आरोपियों को चिमनगंज थाना पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से 5 दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने खुलासे के दौरान बताया कि हिरासत में आया हिमांशु चीनू और गिरोह का सरगना राजेश पूर्व में भी इंदौर पुलिस की हिरासत में आ चुके हैं और दौरान भी नकली नोट का इंदौर पुलिस ने खुलासा किया था। हिमांशु उज्जैन पुलिस की गलत में भी आ चुका है। उनके आपराधिक रिकार्ड भी तलाशा जा रहा है।

### एक लाख में देते थे 10 लाख के नोट

नकली नोट गिरोह के दोनों सदस्यों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि नकली नोट का सौदा एक लाख के असली नोटों के बदले 10 लाख के नकली नोट देकर किया जाता था। नकली नोट की सौदेबाजी सामने आने के बाद पुलिस इस बात का पता लग रही है कि गिरोह ने अब तक कितने लोगों को नकली नोट दिए हैं और उनकी खपत कहां-कहां हुई है। संभावना है कि नकली नोट मामले से जुड़े कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

# आरोपी का जुलूस निकालने वाले दोस्तों ने युवक से की मारपीट

**उज्जैन।** हत्या के मामले में जेल से रिहा होकर आए आरोपी का क्षेत्र में दोस्तों द्वारा जुलूस निकालकर पटाखे फोड़े जा रहे थे। इस दौरान वहां रहने वाले एक युवक के घर पर पटाखे फेंके गए और धमाके की आवाज से कीचड़ भी उड़ गया। युवक ने जुलूस निकाल रहे युवकों से घर साफ करने का बोला तो उन्होंने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि जांसापुरा में रहने वाले आदर्श पिता भगवानदास प्रजापत रात को घर पर था। उसी दौरान पटाखों की आवाज सुनाई दी। वह घर से बाहर आया तो कुछ लोग हत्या के मामले में जेल से रिहा हुए सलमान का जुलूस निकाल रहे थे। इसी बात का विरोध आदर्श ने किया और बोला कि पटाखे फेंकने से घर के सदस्यों को क्षति हो सकती है। धमाके की आवाज से गंदी हुई है इसे साफ करो। तभी जुलूस निकाल रहे युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत आदर्श ने थाने आकर की। मामले में अदनान, सलमान, नारायण तिवारी सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

### गोरखपुर-भोपाल ट्रेन से गिरी इंदौर की युवती

उज्जैन। जीआरपी प्रधान आरक्षक बद्रीलाल राठौर ने बताया कि शाम को 5.15 बजे गोरखपुर-भोपाल ट्रेन प्लेटफार्म नम्बर 1 से रवाना हुई थी। उसी दौरान चलती ट्रेन से उतरते समय युवती गिर गई, उसके साथ भाई भी था। युवती के घायल होने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर युवती के बयान दर्ज करने पहुंचे, जहां भाई पवनबिंद ने बताया कि वह इंदौर के बाणगंगा स्थित सुन्दरनगर के रहने वाले है। ट्रेन से गिरी उसकी बहन भारती पिता राजकुमार 19 साल है। भारती भोपाल से लौटते समय उज्जैन पहुंचे थे और इंदौर जाने के लिये ट्रेन में चढ़े थे। लेकिन यात्रियों ने बताया कि ट्रेन इंदौर नहीं भोपाल जा रही है। बस चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में बहन गिरी है। प्रधान आरक्षक राठौर के अनुसार परिजनों को सूचना दी गई थी। जो कुछ घंटे बाद उज्जैन चरक अस्पताल पहुंच गये थे।

## पुलिस रिमांड पर ब्लैकमेलर कथित दो पत्रकार

**उज्जैन।** दो कथित पत्रकारों को ब्लैकमेलिंग के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। दोनों मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक पर दबाव बनाकर रूपयो की मांग कर रहे थे। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि अलखधाम में रहने वाले मानसिंह पिता मानजी मुनिया भरतपुरी स्थित मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड में संयुक्त संचालक हैं। कुछ दिनों से उन्हें कथित पत्रकार संजय पिता बसंतीलाल कोठारी निवासी शिवांश वेली देवास रोड अपने सहयोगी धर्मेन्द्र पिता भूपेन्द्र शर्मा 41 वर्ष निवासी लक्ष्मी विहार आगर रोड के साथ मिलकर ब्लैकमेल कर रहे थे और 38 हजार डिमांड कर रहे थे। दोनों खुद को सच्चा प्रयास समाचार पत्र का संपादक बात कर रुपए नहीं देने पर लोकायुक्त में शिकायत दर्ज करने और झूठी खबरें प्रकाशित करने की धमकी भी दे रहे थे। संयुक्त संचालक की शिकायत पर दोनों पत्रकारों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया गया था। जिन्हें गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि दोनों के द्वारा की गई ब्लैकमेलिंग का शिकार कुछ और लोग सामने आ सकता है।

## 6 से 12 दिसंबर तक झोन कार्यालयों में सीएम हेल्पलाइन 181 सप्ताह मनाया जाएगा

### लेवल 1 एवं लेवल 2 के अधिकारी स्टाफ के साथ उपस्थित होकर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करेंगे

**उज्जैन। सीएम हेल्पलाइन (181) जैसी महत्वपूर्ण जनहित सेवा अंतर्गत नगरीय निकायों में लंबित शिकायतों का आवेदनकर्ताओं कि संतुष्टता के साथ निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह मनाया जाना है। जिसमें सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह के समय अवधि में योजनाबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। इसके लिए उज्जैन नगर पालिक निगम ने 6 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक समस्त झोन कार्यालयों में प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक लेवल 1 एवं लेवल 2 अधिकारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहकर लंबित शिकायतो का निराकरण करेंगे।**

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रेडिंग पर प्राप्त समस्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण भी उक्त समय अवधि में कराया जाना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन पर 50 एवं 100 दिवस तथा इससे अधिक समय से लंबित समस्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण भी उक्त समय अवधि में करेंगे। भारत सरकार, राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं (जैसे पात्रता पर्ची, नामांतरण, सामाजिक न्याय संबंधित योजना, संबल योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि) से संबंधित शिकायत का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों का विषय संज्ञान लेकर उन शिकायतों की जांच की जावे।

स्थलों की जानकारी- 6 दिसंबर शनिवार को झोन क्रमांक 1, 8 को झोन क्रमांक 2, 9 को जोन क्रमांक 3, 10 दिसंबर को झोन क्रमांक 4, 11 दिसंबर को जोन क्रमांक 5 और 12 दिसंबर शुक्रवार झोन क्रमांक 6 में किया जाएगा।

**मंदिर में संत** — सिंहस्थ 2028 को लेकर संत-महंतों के साथ मिल रहे अधिकारियों से

# अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पहुंचे महाकाल, नंदी हॉल में किया पूजन



नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए व नंदी हॉल में बैठकर पूजन करते हुए आशीर्वाद लिया। पुजारी विजय गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भी उनका स्वागत किया गया। उनके साथ अखाड़े के गोविंद सोलंकी, राहुल कटारिया व संजय दिवटे भी थे। आपको बता दें कि महंत रवींद्र पुरी महाराज तीन-चार दिनों से उज्जैन में हैं तथा स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ सिंहस्थ 2028 को लेकर संत-महंतों के साथ शासन-प्रशासन के लोगों से मुलाकात कर रहे हैं।

### शंख द्वार पर स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर को तोड़कर हटाया



उज्जैन। महाकाल मंदिर परिसर में शंख द्वारा की तरफ स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर को गुरुवार को मंदिर प्रबंध समिति ने तोड़कर हटवा दिया। दरअसल यह मंदिर काफी समय से जर्जर हो रहा था। तथा किसी भी वक्त मंदिर गिर सकता था। इसको ध्यान में रखते हुए समिति ने इसे तोड़कर हटवा दिया। मंदिर में विराजित भगवान की मूर्ति को सुरक्षित पहले ही निकाल लिया गया था। मूर्ति को संग्रहालय में रखवा दिया गया है मंदिर तोड़ने से पहले संबंधित पुजारी के माध्यम से यहां समिति ने विधि विधान से पूजन अर्चन संपन्न किया इसके बाद मंदिर तोड़ने की कार्रवाई की गई। भविष्य में यहां वापस नया मंदिर बनाया जाएगा।

## नगर निगम टीम ने 25 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

**उज्जैन।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग अमले ने निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार समस्त झोन अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 25 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला जिसमें गंदगी करते पाए जाने पर 17 हजार, खुले में भट्टी जलाने पर 2000, थूकने पर 500 रुपए, भवन निर्माण सामग्री सड़क पर फैलाने पर 500, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर 4000 का जुर्माना वसूला गया। उक्त कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा की उपस्थिति में की गई।